



नवभारत
ग्वालियर, शुक्रवार, 03 जुलाई, 2026



# शिवपुरी को मिलेगी 2500 करोड़ की डिफेंस फैक्ट्री की सौगात

## सीएम मोहन यादव व केन्द्रीय मंत्री सिंधिया रखेंगे आधारशिला

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 2 जुलाई।** 5 जुलाई को शिवपुरी जिले के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। कोलारस विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाली में लगभग 2500 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री की आधारशिला मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा रखी जाएगी। इस अवसर पर अडानी समूह के मैनेजिंग डायरेक्टर करण अडानी एवं डायरेक्टर जीत अडानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।



भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयासों से शिवपुरी को यह महत्वपूर्ण औद्योगिक परियोजना मिली है, जिससे जिले में औद्योगिक विकास, रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में बदरवास के ग्राम बूढ़ाडोंगर में जैकेट फैक्ट्री का शुभारंभ भी विकास की इसी श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा अडानी समूह के वरिष्ठ अधिकारी विशेष विमान से शिवपुरी पहुंचेंगे। इसके बाद सभी अतिथि सड़क मार्ग से झांसी तिराहे तक आएंगे, जहां से खुली गाड़ी में भव्य रोड शो निकालकर जनता का अभिवादन करेंगे। रोड शो झांसी तिराहे से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा चौराहा, राजेश्वरी रोड होते हुए पोलो ग्राउंड पहुंचेगा। यहां डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री की आधारशिला रखी जाएगी तथा विशाल जनसभा को मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री एवं अन्य अतिथि संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक देवेंद्र जैन, महेंद्र यादव, पीतम सिंह लोधी, रमेश खटीक, पूर्व विधायक नरेंद्र बिरथरे, पूर्व कार्यसमिति सदस्य हरवीर सिंह रघुवंशी, जिला महामंत्री योगेंद्र रघुवंशी, लवलेश जैन, के.पी. परमार, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरिओम राठौर, विजय शर्मा, केशव सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, नवाब सिंह कुशवाहा, गोपाल पाल, जिला मंत्री नीरज तोमर, सोनू राजावत, निर्दोष गोयल, वेदांश सविता, अनिल श्रीधर, कपिल भार्गव, मंडल अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, विपुल जैमिनी, कृष्णा कुशवाहा, पूर्व नपा अध्यक्ष मुन्नालाल कुशवाहा, सोनू कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष शैलजा लवगीकर, प्रशांत राठौर, अनिल राठौर, उमेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र टेड़िया, प्रदीप शर्मा (पार्षद) सहित अन्य पदाधिकारियों ने शिवपुरी जिले एवं शहर के नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भव्य स्वागत करने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## गंदगी फैलाने पर वसूला जुर्माना

**ग्वालियर, 02 जुलाई।** शहर स्वच्छ व साफ रहे इसलिए गंदगी फैलाने वालों, अमानक पॉलीथिन, गोबर नालियों में बहाने वालों एवं भवन सामग्री सडक पर डालने वालों पर निगम द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त श्री टी प्रतीक राव के निर्देशानुसार गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। जिसके तहत आज स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी के निर्देशन में गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना कार्यवाही की गई।

# पुलिया से भिड़ा ट्रक, हेल्पर की मौत, चालक गंभीर

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 2 जुलाई।** सतनबाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक के हेल्पर की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर पाठक होटल के समीप हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व हेल्पर केबिन में बुरी तरह फंस गए। सूचना मिलते ही सतनबाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को केबिन से बाहर निकालकर तत्काल शिवपुरी मेडिकल कॉलेज भेजा। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने 38 वर्षीय हेल्पर मंगल सिंह राजपूत, निवासी भानपुर, जिला मंदसौर, को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल चालक का उपचार जारी है। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है तथा मर्ग कायम कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।



# विधायक की पहल से 12 फीट चौड़ी हुई कोर्ट रोड

**4.34 लाख की लागत से ट्रांसफार्मर हुआ शिफ्ट, वर्षों पुरानी यातायात समस्या का स्थायी समाधान**

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 2 जुलाई।** शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल कोर्ट रोड पर गांधी चौक के पास वर्षों से बनी यातायात की बड़ी समस्या का समाधान हो गया है। क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र जैन की पहल पर पार्क के सामने सड़क के बीच बाधा बने विद्युत ट्रांसफार्मर को पीछे शिफ्ट कर दिया गया है। इससे सड़क की चौड़ाई करीब 12 फीट बढ़ गई है और अब इस मार्ग पर यातायात पहले की तुलना में अधिक सुगम हो सकेगा।

गांधी चौक पर दिनभर वाहनों की भारी आवाजाही रहती है। पार्क के समीप लगे ट्रांसफार्मर के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती थी, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थानीय नागरिक लंबे समय से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग कर रहे थे।

जनभावनाओं को देखते हुए विधायक देवेंद्र जैन ने अपने विधायक निधि से 4.34 लाख रुपये की राशि स्वीकृत कराई। राशि जारी होने के बाद विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर को पार्क की ओर पीछे शिफ्ट कर दिया, जिससे सड़क का उपयोगी हिस्सा बढ़ गया। वर्षों पुरानी समस्या के समाधान पर स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और गणमान्य लोगों ने खुशी जताते हुए विधायक देवेंद्र जैन का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ी होने से गांधी चौक पर जाम की समस्या काफी हद तक समाप्त होगी और शहर की यातायात व्यवस्था को भी बड़ा लाभ मिलेगा।





## वन भूमि पर बड़ी कार्रवाई : 4 झोपड़ियां हटाईं, 3 अतिक्रमणकारी गिरफ्तार, लकड़ी व बाइक जब्त

**पोहरी, 2 जुलाई।** वन विभाग ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए वन परिक्षेत्र बेहरदा की बीट बैराड़ स्थित आरक्षित वन क्षेत्र से चार अवैध झोपड़ियों को हटाकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान अवैध लकड़ी और दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गईं। वन मंडल अधिकारी कूनो वन्य प्राणी वन मंडल श्योपुर के मार्गदर्शन तथा उप वन मंडलाधिकारी पोहरी दक्षिण के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी निखिलेश शर्मा के नेतृत्व में वन अमले ने कक्ष क्रमांक 707 में दबिश दी। मौके पर वन भूमि पर अवैध रूप से निर्मित चार झोपड़ियां मिलीं, जिन्हें हटाकर अतिक्रमणमुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान होतम पुत्र डालिया (45 वर्ष), मुकेश पुत्र डालिया (38 वर्ष) तथा कान्हा पुत्र मोहरसिंह (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपी ग्राम दरगवां (शिवपुरी) एवं देवरी (राजस्थान) के निवासी बताए गए हैं। मौके से करीब आधा घनमीटर अवैध लकड़ी तथा दो मोटरसाइकिल भी जब्त की गईं। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 33 एवं 52 तथा मप्र वन अधिनियम के तहत प्राथमिक वन अपराध प्रकरण क्र. 22113/09, दिनांक 1 जुलाई 2026 दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत लगातार अभियान जारी रहेगा। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा वन संपदा के संरक्षण में सहयोग दें।

# बंटवारे का विवाद : तहसील में हाईवोल्टेज ड्रामा

**तहसीलदार से बहस के बाद टॉवर पर चढ़ा ग्रामीण, माँ ने तख्त पर सिर पटककर किया हंगामा**

**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 2 जुलाई।** जिले की नरवर तहसील में गुरुवार को जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर जमकर हंगामा हुआ। तहसीलदार से कहासुनी के बाद एक ग्रामीण तहसील परिसर में लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और काफी देर तक नीचे उतरने से इनकार करता रहा। इधर सूचना मिलते ही उसकी मां भी तहसील पहुंच गई और बेटे को बचाने की गुहार लगाते हुए कार्यालय में रखे तख्त पर सिर पटकने लगी। वहीं ग्रामीण के भाई की पुलिस से भी तीखी बहस हो गई। करीब एक घंटे तक चले घटनाक्रम के बाद प्रशासन और पुलिस की समझाइश पर युवक टॉवर से नीचे उतरा।

जानकारी के मुताबिक नरवर के ग्राम नरउआ निवासी कृष्णा रावत ने पहले अपनी जमीन का एक हिस्सा बेच दिया था। खरीददार ने जमीन के बंटवारे के लिए आवेदन लगाया था और प्रक्रिया अंतिम चरण में थी। इसी बीच कृष्णा रावत का मन बदल गया और उसने जमीन पर कब्जा बनाए रखा। इसी मामले को लेकर उसने तहसील में शिकायत भी दर्ज कराई थी।

गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे कृष्णा रावत अपनी शिकायत के संबंध में तहसील कार्यालय पहुंचा। यहां उसकी तहसीलदार विजय कुमार त्यागी से बहस हो गई। इसके बाद वह सीधे तहसील परिसर में लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और नीचे से अधिकारियों से कहने लगा कि यह जमीन उसके पिता की मेहनत की कमाई है, इसलिए वह अपनी जमीन साथ लेकर ही जाएगा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसी दौरान कृष्णा की मां भी तहसील पहुंची और भावुक होकर कार्यालय में रखे तख्त पर सिर पटकने लगी। वहीं कृष्णा के भाई की नरवर थाना प्रभारी विनय यादव से भी बहस हो गई, जिससे कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। करीब एक घंटे तक चले इस हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद अधिकारियों ने युवक को उचित कार्रवाई और उसकी शिकायत पर नियमानुसार सुनवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद वह टॉवर से नीचे उतरने के लिए तैयार हुआ।

### तहसीलदार बोले- जान से मारने की धमकी दी थी

नरवर तहसीलदार विजय कुमार त्यागी ने बताया कि कृष्णा रावत अपने मामले को लेकर कार्यालय आया था। बातचीत के दौरान उसने बात नहीं माने जाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी और खुद जेल जाने जैसी बातें भी कहीं। तहसीलदार के अनुसार कार्रवाई की आशंका के चलते वह बाद में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। पुलिस और प्रशासन ने समझाइश देकर उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया।

# मकान विवाद पर हुआ खूनी संघर्ष

## चार ने बरसाईं लाठियां, बीच-बचाव करने आए साथी को नहीं बख्शा, सिर फूटे, चार पर मामला दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 2 जुलाई।** अमोला थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसौद में पुराने मकान विवाद ने गुरुवार को हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद चार आरोपियों ने दो युवकों पर लाठियों से हमला कर दिया। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सिरसौद निवासी हेमंत लोधी उम्र 26 वर्ष अपने साथी विकास लोधी के साथ घर जा रहा था। रास्ते में सौरभ ठाकुर की दुकान के सामने प्रकाश लोधी ने पुराने मकान विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने अपने भाई बीरेंद्र लोधी तथा हरीसिंह लोधी और अरविंद लोधी को बुला लिया। आरोप है कि चारों आरोपी लाठियां लेकर पहुंचे और हेमंत पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान अरविंद ने हेमंत के सिर पर लाठी मार दी, जिससे उसका सिर फट गया, जबकि अन्य आरोपियों ने गर्दन, कंधों और शरीर के अन्य हिस्सों पर वार किए। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे विकास लोधी को भी आरोपियों ने नहीं छोड़ा। उसके सिर और घुटने पर लाठी मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद रामकुमार लोधी और मलखान परिहार ने हस्तक्षेप कर दोनों घायलों को बचाया। अमोला थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर प्रकाश लोधी, बीरेंद्र लोधी, हरीसिंह लोधी और अरविंद लोधी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



## दीक्षारंभ समारोह में नवप्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत

**शिवपुरी, 2 जुलाई।** शासन के निर्देशानुसार नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को महाविद्यालयीन वातावरण, शैक्षणिक गतिविधियों एवं छात्रहितकारी योजनाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से गुरुवार को महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एन.के. जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर डॉ. एम.एस. राठौड़ एवं डॉ. प्रदीप भार्गव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, नियमित अध्ययन, व्यक्तित्व विकास एवं लक्ष्य निर्धारण के महत्व से अवगत कराते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. पल्लवी सक्सेना ने किया। अंत में डॉ. रजनी चौधरी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों का ब्रह्माकुमारी परिवार ने किया सम्मान

**नरवर, 2 जुलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मंगलवार को सेवानिवृत्त शिक्षक भवानी शंकर चौरसिया एवं राकेश शर्मा के सम्मान में गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आध्यात्मिक वातावरण के बीच दोनों शिक्षकों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।



कार्यक्रम में बताया गया कि भवानी शंकर चौरसिया ने शासन की सेवा में लगभग 42 वर्षों तक उल्लेखनीय योगदान दिया तथा 30 जून 2026 को सेवानिवृत्त हुए। वहीं हाल ही में सेवानिवृत्त हुए राकेश शर्मा का भी ब्रह्माकुमारी परिवार द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह के दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। माता-बहनों एवं कन्याओं ने पुष्पवर्षा कर दोनों शिक्षकों का अभिनंदन किया। केंद्र प्रभारी बीके सखी बहन ने शॉल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने दोनों शिक्षकों के दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद एवं आध्यात्मिक जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर रघुवीर राय, प्रदीप कुमार जैन, बादाम सिंह, वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार शर्मा तथा नारायण और देवहंस चौरसिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने माल्यार्पण कर दोनों शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में बीके पिंकी बहन ने सभी अतिथियों का तिलक, पुष्पमाला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

# अवैध रेत कारोबार पर तहसीलदार ने की बड़ी कार्रवाई 400 ट्रॉली रेत जब्त

**नवभारत न्यूज**

**नरवर, 2 जुलाई।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन और भंडारण के खिलाफ प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है इसी क्रम में 1 जुलाई को नरवर तहसीलदार विजय कुमार त्यागी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 स्थानों पर अवैध रूप से भंडारित करीब 400 ट्रॉली रेत जब्त की

जानकारी के अनुसार, तहसीलदार विजय कुमार त्यागी को सूचना मिली थी कि ग्राम टुकी में सिंध नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसका भंडारण किया गया है सूचना मिलने पर उन्होंने मामले की जानकारी कलेक्टर अर्पित वर्मा को दी कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की गई जांच के दौरान छह अलग-अलग स्थानों पर बड़ी मात्रा में रेत का अवैध भंडारण मिला संबंधित लोगों से रेत भंडारण की वैध अनुमति मांगी गई, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके इसके बाद प्रशासन ने करीब 400 ट्रॉली रेत जब्त कर रेत के टीलों पर चूने से सीमांकन कराया तथा आगामी कार्रवाई तक जब्त रेत को संबंधित ग्राम कोटवार की सुपुर्दगी में सौंप दिया मामले की सूचना आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला खनिज अधिकारी, शिवपुरी को भेज दी गई है। गौरतलब है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा ने 30 जून से 30 अक्टूबर तक जिले में रेत के उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है इसके बावजूद कुछ स्थानों पर अवैध उत्खनन और भंडारण की गतिविधियां जारी हैं ऐसे में नरवर तहसीलदार विजय कुमार त्यागी द्वारा लगातार कार्रवाई कर रेत माफियाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है।



## विनियमित कर्मचारियों को लाभ देने निगम अध्यक्ष ने निगमायुक्त को लिखा पत्र

**ग्वालियर, 02 जुलाई।** विनियमित कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के समान नियमित वेतनमान का लाभ दिये जाने के संबंध में नगर निगम अध्यक्ष मनोज तोमर ने निगमायुक्त को पत्र लिखकर अवगत कराया है। नगर निगम अध्यक्ष मनोज तोमर ने पत्र लिखकर अवगत कराया कि इंदौर नगर निगम में कार्यरत विनियमित कर्मचारियों को मान. सर्वोच्च न्यायालय के पारित आदेश (आदेश का पैरा-1) परिपालन में चतुर्थ श्रेणी के नियमित कर्मचारियों के समान वेतन भुगतान किये जाने हेतु पात्र 532 कर्मचारियों का आदेश जारी कर लाभ प्रदान किया गया है। परिषद द्वारा भी समय-समय पर ग्वालियर नगर निगम में पदस्थ विनियमित कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति वेतन लाभ दिये जाने हेतु ठहराव पारित किये गये हैं।

# शिवपुरी में नि :शुल्क प्रदर्शित हुई जय माहिष्मती

**भगवान सरस्त्रबाहु अर्जुन की महिमा से दर्शन हुए भाव विभोर**

**नवभारत न्यूज**

**शिवपुरी, 2 जुलाई।** भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के जीवन, चमत्कारों और सामाजिक संदेश पर आधारित सुपरहिट फिल्म जय माहिष्मती का शिवपुरी और ग्वालियर में निशुल्क प्रदर्शन किया गया। शिवपुरी के शिवमंदिर सिनेमा में पूर्व नपाध्यक्ष कोलारस रविन्द्र शिवहरे एवं उनकी टीम के सहयोग से जबकि ग्वालियर के काजल टॉकीज में जिलाध्यक्ष सुरेश शिवहरे एवं उनकी टीम के सहयोग से फिल्म दिखाई गई।

फिल्म के लेखक, निर्देशक एवं अभिनेता राम शंकर शिवहरे (भोपाल) तथा निर्माता डॉ. एल.एन. मालवीय हैं। समीक्षकों के अनुसार फिल्म भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के वास्तविक जीवन चरित्र, सामाजिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। दर्शकों ने सिनेमा हॉल में जयकारों के साथ फिल्म का स्वागत किया।



शिवपुरी कार्यक्रम में आजीवन संरक्षक डॉ. रामकुमार शिवहरे, बाबा महाराज राजेश शिवहरे, डॉ. महेंद्र महाजन, लालजी शिवहरे, संतोष शिवहरे (हंस बिल्डिंग), पवन शिवहरे, नितिन चौकसे, सोन्टू शिवहरे, मनोज शिवहरे (राई सरपंच), रामबाबू शिवहरे (सरपंच), हरचरण लाल शिवहरे, निशा रविन्द्र शिवहरे, सीमा शिवहरे, गजेन्द्र शिवहरे, पवन हीरो शिवहरे, शेरा शिवहरे, रेणुका शिवहरे, हेमलता चौकसे, लाली अपूर्वा शिवहरे, संगीता शिवहरे, भारती शिवहरे, पूनम शिवहरे, रानो शिवहरे, महेन्द्र राय (मानवाधिकार संगठन), ओपी शिवहरे, स्वयं निर्देशक राम शंकर शिवहरे, मनोज शिवहरे, भागीरथ शिवहरे, हुकुम चंद्र शिवहरे, विपिन शिवहरे, राधेश्याम शिवहरे, गिर्राज शिवहरे, भरत शिवहरे, दशरथ शिवहरे, विनोद शिवहरे, लक्ष्मण शिवहरे, सैलू शिवहरे, मोहित चौकसे, अजय शिवहरे, दीपक शिवहरे, सुरेश शिवहरे, डेविड शिवहरे, गर्व शिवहरे, सारांश शिवहरे सहित समाज के तीनों प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। राधेश्याम शिवहरे ने दर्शकों के लिए स्वल्पाहार व ठंडाई की व्यवस्था की। कार्यक्रम में पत्रकार शौकीन अहमद, मणिका शर्मा, युसूफ पठान सहित अन्य मीडिया प्रतिनिधियों ने भी फिल्म की सराहना की।

# अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई से बौखलाए भूमाफिया

**एसडीएम को फंसाने की साजिश का आरोप**

**नवभारत न्यूज**

**पोहरी/शिवपुरी, 2 जुलाई।** पोहरी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जेपी गुप्ता के विरुद्ध आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में दर्ज एफआईआर को लेकर मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा संघ, जिला इकाई शिवपुरी ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं त्वरित जांच कराने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि एसडीएम जेपी गुप्ता ने 12 जून को पोहरी में कार्यभार ग्रहण किया था। एफआईआर में जिस अभिलेख दुरुस्ती प्रकरण का उल्लेख किया गया है, वह 15 जून को उनके समक्ष प्रस्तुत हुआ था। इस प्रकरण में आवेदक बाबू सिंह राजपूत को 6 जुलाई को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए तलब किया गया था। संघ का कहना है कि इस मामले में अभी तक कोई अंतिम आदेश पारित नहीं किया गया था, इसलिए भ्रष्टाचार अथवा अनियमितता के आरोप प्रथम दृष्टया तथ्यहीन प्रतीत होते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि एफआईआर के शिकायतकर्ता गोविंद शिवहरे का संबंधित प्रकरण से न तो कोई प्रत्यक्ष संबंध है और न ही वह मामले का पक्षकार है।



ऐसी स्थिति में उसकी शिकायत के आधार पर दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष जांच आवश्यक है। प्रशासनिक सेवा संघ का आरोप है कि एसडीएम जेपी गुप्ता द्वारा शासकीय भूमि तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इन कार्रवाइयों से प्रभावित भूमाफिया एवं अन्य स्वार्थी तत्वों ने दुर्भावनावश कूटरचित ऑडियो और फर्जी शिकायत के माध्यम से उन्हें बदनाम करने का षड्यंत्र रचा है। संघ ने कहा कि किसी भी अधिकारी पर लगे गंभीर आरोपों की निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच होना आवश्यक है, लेकिन बिना पर्याप्त एवं सत्यापित साक्ष्यों के किसी अधिकारी की प्रतिष्ठा और मनोबल प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसलिए पूरे प्रकरण की स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक जांच कर वास्तविक तथ्यों को सामने लाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा संघ, जिला इकाई शिवपुरी के पदाधिकारी एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।